सं.: 1:05:138:I:कं.स.
दिनांक: 25.07.2022

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवा विभाग, मंजिल-25, पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार बोर्ड बैठक की सूचना

महोदया/महोदय,

सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल की 12 अगस्त, 2022 को आयोजित होने वाली बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) पर विचार किया जाएगा।

इस संदर्भ में, जैसाकि हमारे 28 जून, 2022 के पत्र द्वारा पहले ही सूचित किया जा चुका है, कंपनी की "पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिभूतियों में व्यापार के विनियमन, मॉनीटरिंग और रिपोर्टिंग के लिए आचरण संहिता तथा अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटीकरण के लिए प्रथाओं और प्रक्रियाओं की संहिता" ('संहिता') के संदर्भ में, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इक्विटी शेयरों और सूचीबद्ध ऋण प्रतिभूतियों में व्यापार के लिए ट्रेडिंग विंडो 1 जुलाई, 2022 को बंद कर दी गई थी और अगले आदेश तक बंद रहेगी।

सभी नामित व्यक्तियों और उनके निकट संबंधियों को सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त अवधि के दौरान पीएफसी के इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों की बिक्री या खरीद से जुड़ा कोई लेन-देन न करें।

जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
मुख्य महाप्रबंधक एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com